# दीनो का पालनहारा दुखियों का एक सहारा मेरा श्याम है लिरिक्स

दीनो का पालनहारा,
दुखियों का एक सहारा,
मेरा श्याम है मेरा श्याम है,
मेरा श्याम ही तो है।bd।

तर्ज – मेरी बिगड़ी बनाने वाला।

---

इसके जैसा देव ना दूजा,
सारी दुनिया ध्याति है,
खाटू वाले श्याम के दर पे,
शीश झुकाती है,
हारे का जो साथ निभाए,
निर्बल की लाज बचाए,
मेरा श्याम है मेरा श्याम है,
मेरा श्याम ही तो है।bd।

---

कलियुग का देव निराला,
इच्छा फल देता है,
बिन बोले ही सेवक की,
मंशा पढ़ लेता है,
माझी जो बनकर आए,
कश्ती को पार लगाए,
मेरा श्याम है मेरा श्याम है,
मेरा श्याम ही तो है।bd।

---

एक बार जो खाटू जाए,
बार बार जाएगा,
‘हर्ष‘ कहे चुम्बक सा,
खिंच बुलाएगा,
भटके को राह दिखाए,
सर पे जो हाथ फिराए,
**Bhajan Diary Lyrics,**
मेरा श्याम है मेरा श्याम है,
मेरा श्याम ही तो है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दीनो का पालनहारा,
दुखियों का एक सहारा,
मेरा श्याम है मेरा श्याम है,
मेरा श्याम ही तो है।bd।

**Singer – Upasana Mehta**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com